01/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

आज राजभवन, ईटानगर में ओडिशा का राज्य स्थापना दिवस, **'उत्कल दिवस'** उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य के ओडिया समुदाय के साथ कार्येक्रम मे भाग लिया। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश की ओर से ओडिशा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभिन्न राज्यों के राज्य दिवस का आयोजन सभी में एकता की भावन को बढ़वा देने के साथ ही अरुणाचल प्रदेश में काम करने वाले समुदायों के साथ गहन जुड़ाव का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से उनकी उपलब्धियों, चुनौतियों एवं राज्य की प्रगति में उनके योगदान को समझने में मदद मिलती है। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश में ओडिया समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, खासकर शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में। अपना आभार व्यक्त करते हुए, उन्होंने उनके योगदान की सराहना की और आशा व्यक्त की कि दोनों राज्यों के बीच स्थायी सद्भावना 'विकसित अरुणाचल' के दृष्टिकोण के तहत अरुणाचल प्रदेश को और अधिक विकास की ओर ले जाएगी और मजबूत बनाएगी। समारोह में ओडिशा की समृद्ध परंपराओं को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। राज्यपाल के विशेष अतिथि के रूप में, चिम्पू स्थित दोन्यी पोलो मिशन स्कूल फॉर द हियरिंग एंड विजुअली इम्पेयर्ड के छात्र और प्रशिक्षक समारोह में शामिल हुए, जिससे कार्यक्रम की समावेशिता और एकता की भावना और बढ़ गई।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू, गृहमंत्री मामा नातुंग, राज्य भाजपा अध्यक्ष कालिंग मोयोंग एंव विधायकों द्वारा कल शेरगांव में रिवर रांचिंग कार्यक्रम के तहत देशी मछलियों की आबादी बढ़ाने एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए चोसखोरोंग-खो नदी में लगभग 7,000 शोजोथोरैक्स मछलियाँ छोड़ी। यह नदी 2014 से एक गैर सरकारी संगठन गारुंग थुक के संरक्षण में है। मेघालय में आयोजित 2024 अंतर्राष्ट्रीय वाटर कॉनक्लेव में इनके प्रयासों को मान्यता देते हुए "सर्वश्रेष्ठ जल-संरक्षित क्षेत्र" का खिताब प्रदान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए, मत्स्य पालन सचिव हागे तारी ने कार्यक्रम के महत्व पर जोर दिया और इसे राज्य के ग्यारह और जिलों में विस्तारित करने की योजना की घोषणा की। वेस्ट कामेंग जिले के मत्स्य विभाग के नेतृत्व में और राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद द्वारा समर्थित इस पहल का उद्देश्य मछली स्टॉक को बढ़ावा देते हुए जैव विविधता को बनाए रखना है।

00000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई के टेंगापानी में भारतीय जनता पार्टी की 46-चौखाम-वाकरो बी.एल.सी. अध्यक्षों और मंडल समिति की समन्वय बैठक में भाग लिया। उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि चौखाम मंडल ने सार्वजनिक मन की बात प्रतिशत में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जो कार्यकर्ताओं के समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर श्री मेन ने नव चयनित मोर्चा कार्यकारिणी सदस्यों, मंडल सदस्यों, बूथ स्तर के अध्यक्षों और चौखाम इकाई के कार्यकारिणी सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमिशन के चैयरमेन प्रो. प्रदीप लिंगफा ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायरड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। APPSC के अध्यक्ष ने राज्यपाल को आयोग के प्रभावी कामकाज, आगामी परीक्षा कैलेंडर और चयन प्रक्रिया की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए की गई विभिन्न पहलों के बारे में जानकारी दी। राज्य में शासन और लोक प्रशासन को मजबूत करने के उद्देश्य के तहत राज्यपाल ने निष्पक्ष और योग्यता आधारित भर्ती प्रणाली सुनिश्चित करने में APPSC की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने चैयरमेन को आयोग के संचालन के हर पहलू में ईमानदारी, पारदर्शिता और दक्षता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की सलाह दी। APPSC परीक्षा आयोजित करने से जुड़ी चुनौतियों पर, राज्यपाल ने भर्ती प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए अभिनव समाधान सुझाए, जिसमें प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना, मजबूत सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करना और अन्य राज्य लोक सेवा आयोगों से सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना शामिल है। APPSC की सचिव श्रीमती पारुल गौर मित्तल, भी बैठक के दौरान मौजूद रहीं।

00000000000000000000

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, ईस्ट सियांग द्वारा आज पासीघाट में सभी हितधारकों के साथ मानसून पूर्व तैयारी की बैठक बुलाई। बैठक को संबोधित करते हुए, ईस्ट सियांग डी सी कम चेयरमैन डी डी एम ए ताई तग्गू ने मानसून की शुरुआत के मद्देनजर तैयारियों पर जोर दिया।

उन्होंने सभी हितधारकों से अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक होने और किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सभी विभागों और हितधारकों द्वारा तैयार की गई योजनाओं का जायजा लिया एवं जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए योजनाओं को मजबूत करने पर जोर दिया।

0000000000000000000000

20वें तादर तांग राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाइनल राउंड आज से गोल्डन जुबली स्टेडीयम यूपिया में शुरु हुआ, जिसमें राज्य के टोप 13 टीमें हिस्सा लेंगे और चैंपियनशिप ट्रोफी के लिए एक-दूसरे से मुकाबला करेंगे। अरुणाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट राज्य का सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल आयोजन है, जो टोप टीमों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

000000000000000000000